छत्तीसगढ़ विधान सभा

मार्च-अप्रैल, 2012 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 14 मार्च, 2012 (फाल्गुन 24, 1933)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री विक्रम उसेंडी, वन मंत्री, कंपनी अधिनियम, 1956 (क्रमांक 1 सन् 1956) की धारा 619-ए की उपधारा (3) के पद (बी) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के वार्षिक लेखे एवं प्रतिवेदन वर्ष 2010-2011 **पटल पर रखेंगे.**

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री संतोष बाफना, सदस्य, राष्ट्रीय राजमार्ग-43 स्थित इन्द्रावती पुल पर टोलटेक्स वसूली से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा में सारडा एनर्जी पावर प्लांट हेतु वन भूमि आवंटित किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर श्री देवजी भाई पटेल, सदस्य द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2012 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा :-

"महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं."

रायपुर
दिनांक 13 मार्च, 2012

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.